# वैश्विक आयुध निर्माताओं पर SIPRI की रिपोर्ट

**प्रिलिम्स के लिये:**

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, मझगाँव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, गाज़ा, यूक्रेन, ब्रह्मोस, ASEAN, आकाश वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली, पिनाका, FDI, रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (DAP)-2020, सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची, रक्षा उत्कृष्टता के लिये नवाचार (iDEX) योजना, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME), रक्षा औद्योगिक गलियारे

**मेन्स के लिये:**

भारत के रक्षा क्षेत्र का वैश्विक निष्पादन, भारत के रक्षा निर्यात के विकास चालक

स्रोत: बिज़नेस स्टैण्डर्ड

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) ने **विश्व के 100 शीर्ष आयुध निर्माताओं** पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी की, जिसमें शीर्ष वैश्विक आयुध निर्माताओं में **तीन भारतीय कंपनियाँ** शामिल हैं।

## SIPRI की रिपोर्ट से संबंधित प्रमुख निष्कर्ष क्या हैं?

- **वैश्विक आयुध राजस्व:** विश्व का आयुध राजस्व **2023 में 632 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जो** युद्धों, क्षेत्रीय तनावों और पुनः शस्त्रीकरण के कारण 4.2% की हुई वृद्धि को दर्शाता है।




- **भारतीय कंपनियों का प्रदर्शन:** तीन भारतीय कंपनियाँ अर्थात् हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड **(रैंक 43),** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड **(रैंक 67),** और मझगाँव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड **(रैंक 94)** का शीर्ष 100 वैश्विक आयुध निर्माताओं में स्थान रहा।

- इन कंपनियों का संयुक्त राजस्व 5.8% से बढ़कर वर्ष **2022 में 6.37 बिलियन** अमेरिकी डॉलर और वर्ष 2023 **में 6.74 बिलियन अमेरिकी डॉलर (56,769 करोड़ रुपए) हो गया।**



**TOP LINE CHECK** Sipri top 100 arms companies 2023

| Rank 2022 | Rank 2023 | Company | Country | Arms revenue 2023 ($ bn) | Change (%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Lockheed Martin | US | 60.81 | -1.6 |
| 2 | 2 | RTX | US | 40.66 | -1.3 |
| 3 | 3 | Northrop Grumman | US | 35.57 | 5.8 |
| 4 | 4 | Boeing | US | 31.1 | 2.0 |
| 5 | 5 | General Dynamics | US | 30.2 | 3.2 |
| 43 | 43 | Hindustan Aeronautics | India | 3.71 | 6.9 |
| 65 | 67 | Bharat Electronics | India | 1.94 | 0.5 |
| 96 | 94 | Mazagon Dock Shipbuilders | India | 1.09 | 12.4 |

Note: Revenue figures are in billion of constant (2023) US dollars
Source: Sipri

- **प्रमुख वैश्विक उत्पादक:**
  - **अमेरिका: शीर्ष 100 में शामिल 41 अमेरिकी कंपनियों ने वर्ष** 2023 में 317 बिलियन अमेरिकी डॉलर कमाए, **जो वैश्विक शस्त्र राजस्व का आधा है,** तथा **शीर्ष पाँच** उत्पादक **अमेरिकी हैं।**
  - **चीन:** शीर्ष 100 में शामिल नौ चीनी कंपनियों ने वर्ष 2023 में कुल 103 बिलियन अमेरिकी डॉलर का राजस्व **दर्ज** किया।
  - **रूस: जिन दो रूसी कंपनियों** के बारे में आँकड़े उपलब्ध थे, उनका शस्त्र राजस्व ऑर्डर और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि के कारण **40%** बढ़कर अनुमानतः **25.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।**




- **क्षेत्रीय विशेषताएँ:** विश्व के **सभी क्षेत्रों** में शस्त्रों से होने वाले राजस्व में वृद्धि देखी गई, विशेष रूप से **रूस और मध्य पूर्व (पश्चिम एशिया) स्थित कंपनियों में तीव्र वृद्धि देखी गई।**
- **शस्त्र राजस्व वृद्धि के कारण: गाज़ा और यूक्रेन में युद्ध, पूर्वी एशिया** में बढ़ते तनाव और वैश्विक स्तर पर **पुनःशस्त्रीकरण कार्यक्रमों** के कारण मांग में वृद्धि हुई।
  - संघर्ष क्षेत्रों से बढ़ती मांग को पूरा करने में छोटे हथियार उत्पादक **अधिक कुशल थे।**
- **वर्ष 2024 के लिये आउटलुक: वर्ष** 2023 में शस्त्रों से होने वाले राजस्व में वृद्धि हुई और वर्ष 2024 में इसके बढ़ने की उम्मीद है। कंपनियाँ **अधिक भर्ती कर रही हैं,** जिससे भविष्य की बिक्री को लेकर उम्मीद की किरण दिखाई दे रहा है।

**नोट:** शस्त्र राजस्व से तात्पर्य **घरेलू और विदेशी** सैन्य ग्राहकों को सैन्य वस्तुओं और सेवाओं की बिक्री से **प्राप्त राजस्व से है।**

## स्टॉकहोम अंतर्राष्ट्रीय शांति अनुसंधान संस्थान (SIPRI)

- **SIPRI** एक **स्वतंत्र** अंतर्राष्ट्रीय संस्थान है जो **संघर्ष, शस्त्रास्त्र, शस्त्र नियंत्रण और निरस्त्रीकरण पर अनुसंधान के लिये समर्पित है।**
- **वर्ष 1966** में स्थापित SIPRI नीति निर्माताओं, शोधकर्त्ताओं, मीडिया और इच्छुक जनता को **खुले स्रोतों** पर आधारित **डेटा, विश्लेषण और सिफारिशें प्रदान करता है।**

## भारत के रक्षा निर्यात में प्रमुख उपकरण क्या हैं?

- **ब्रह्मोस मिसाइलें: भारत ने फिलीपींस को** [ब्रह्मोस]() सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की पहली खेप सौंपी, जिसके लिये उसने तीन तट-आधारित, एंटी-शिप मिसाइल बैटरियों के लिये **375 मिलियन अमेरिकी डॉलर का सौदा किया था।**
  - [आसियान]() देश तथा कुछ **खाड़ी देश ब्रह्मोस मिसाइलें** हासिल करने में रुचि दिखा रहे हैं।
- **डोर्नियर-228 विमान:** भारत विभिन्न देशों को [डोर्नियर-228 विमान]() का निर्यात करता है, जो रक्षा एवं नागरिक अनुप्रयोगों हेतु एक बहुमुखी एवं विश्वसनीय विमान है।
- **सहायक विमान भाग:** भारत वैश्विक आपूर्ति शृंखला एवं ऑफसेट प्रतिबद्धताओं के हिस्से के रूप में **बोइंग** तथा **लॉकहीड मार्टिन** जैसे रक्षा क्षेत्र के दिग्गजों को **विमान के सहायक उपकरण** निर्यात करता है।
- **सॉफ्टवेयर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण:** भारत रक्षा अनुप्रयोगों के लिये **फ्राँस को सॉफ्टवेयर** एवं **इलेक्ट्रॉनिक उपकरण निर्यात** करता है।
- **155mm तोपें:** भारत **आर्मेनिया** जैसे देशों को **155mm तोपें निर्यात कर रहा है,** जिससे उन्नत तोपखाना प्रणालियों के उत्पादन में इसकी क्षमताओं पर प्रकाश पड़ता है।
- **आकाश मिसाइल प्रणाली:** आकाश **वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली** (जिसमें इसका संस्करण **आकाश-1S भी शामिल है)** की निर्यात में प्रमुख भूमिका रही है, जिसका **आर्मेनिया** पहला अंतर्राष्ट्रीय ग्राहक है।
- **पिनाका: पिनाका बहु-प्रक्षेपण रॉकेट प्रणालियों के** निर्यात में **आर्मेनिया** प्रमुख खरीदार है।

## भारत की उपलब्धियाँ

- **आयुध उत्पादन: भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन वित्त वर्ष 24 में लगभग 1.27 ट्रिलियन रुपए** के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुँच गया, जो पिछले वर्ष के **लगभग 1.09 ट्रिलियन रुपए के आँकड़े से 16.7%** अधिक है।
  - यह दर्शाता है कि भारत के रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा **वित्त वर्ष 29 तक 3 ट्रिलियन रुपए** के महत्त्वाकांक्षी वार्षिक रक्षा उत्पादन लक्ष्य का **40% से अधिक कवर** कर लिया गया है।
- **आयुध उत्पादन का विस्तार: 16 रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों** के अतिरिक्त, भारत का रक्षा-औद्योगिक आधार भी **430 से अधिक लाइसेंस प्राप्त कंपनियों तथा 16,000 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों तक विस्तारित** हो गया है।
  - आयुध उत्पादन क्षमता के **इस विस्तार** में निजी क्षेत्र का योगदान 21% है।
- **निर्यात गंतव्य:** वर्तमान में भारत **100 से अधिक देशों को आयुध उपकरण निर्यात** करता है। वर्ष 2023-24 में रक्षा निर्यात के **शीर्ष तीन गंतव्य संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्राँस और आर्मेनिया** हैं।

## रक्षा स्वदेशीकरण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिये भारत की क्या पहल हैं?

- **उदारीकृत FDI नीति:** रक्षा क्षेत्र में **FDI सीमा को वर्ष 2020 में नए रक्षा औद्योगिक लाइसेंस** प्राप्त करने वाली कंपनियों के लिये **स्वचालित मार्ग** के माध्यम से **74% तक बढ़ा दिया गया** तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी तक पहुँच की संभावना वाली कंपनियों के लिये **सरकारी मार्ग** के माध्यम से **100%** तक बढ़ा दिया गया।
- **घरेलू खरीद को प्राथमिकता: रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (DAP)-2020** के तहत घरेलू स्रोतों से पूंजीगत वस्तुओं की खरीद पर ज़ोर दिया गया है।
- **सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियाँ: 509 वस्तुओं** वाली पाँच [सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियाँ]() और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (DPSUs) की **5,012 वस्तुओं वाली पाँच सूचियाँ** जारी की गईं, जिनमें निर्दिष्ट समय-सीमा के बाद **आयात पर प्रतिबंध लगा** दिया गया।
  - इसके अतिरिक्त, MSMEs सहित भारतीय उद्योग द्वारा स्वदेशीकरण को सुविधाजनक बनाने के लिये **संयुक्त कार्रवाई के माध्यम से आत्मनिर्भर पहल (सृजन) पोर्टल** का शुभारंभ किया गया।
- **iDEX योजना:** रक्षा नवाचार में स्टार्टअप्स और [सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs)]() **को शामिल करने के लिये** [रक्षा उत्कृष्टता के लिये नवाचार (iDEX) योजना]() शुरू की गई है।
- **सार्वजनिक खरीदी वरीयता:** घरेलू निर्माताओं को समर्थन देने के लिये **सार्वजनिक खरीदी (मेक इन इंडिया को वरीयता) आदेश 2017** का कार्यान्वयन।
- **रक्षा औद्योगिक गलियारे:** रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिये **उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में दो रक्षा औद्योगिक गलियारों** की स्थापना।
  - रक्षा अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) को **उद्योग और स्टार्टअप** के लिये खोल दिया गया है ताकि नवाचार और सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके।

## नषि्करष:

**भारत के रक्षा क्षेत्र ने स्वदेशीकरण** में महत्त्वपूर्ण प्रगतिकी है, जसिमें प्रमुख पहलों ने**उत्पादन और नरि्यात में** वृद्धिको बढ़ावा दयिा है। **वैश्वकि स्तर पर हथयिारों के राजस्व** में वृद्धि, वैश्वकि रक्षा बाज़ार में भारत की **बढ़ती हसि्सेदारी** के साथ, आत्मनरि्भरता और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से रणनीतकि नीतयिों की सफलता को दर्शाती है।

***??????? ?????? ???????:*** स्वदेशी रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लयि वभिनि्न सरकारी पहलों को सूचीबद्ध कीजयि।

## UPSC सवििल सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न (PYQs)

**प्रलिमि्स**

**प्रश्न: नम्निलखिति में से कौन-सा 'INS अस्त्रधारणी' का सबसे अच्छा वर्णन है, जो हाल ही में समाचारों में था? (2016)**

(a) उभयचर (एम्फबि) युद्ध जहाज़
(b) परमाणु संचालति पनडुब्बी
(c) टारपीडो लॉन्च और रकिवरी पोत
(d) परमाणु संचालति वमिान वाहक

**उत्तर: (c)**

---

***?????***

**Q. भारत-रूस रक्षा समझौतों की तुलना में भारत-अमेरकि रक्षा समझौतों की क्या महत्ता है? हदि-प्रशांत महासागरीय क्षेत्र में स्थायति्व के संदर्भ में ववचिना कीजयि। (2020)**

**Q. रक्षा क्षेत्रक में वदिेशी प्रत्यक्ष नविेश (एफ.डी.आई.) को अब उदारीकृत करने की तैयारी है। भारत की रक्षा और अर्थव्यवस्था पर अल्पकाल और दीर्घकाल में इसके क्या प्रभाव अपेक्षति हैं? (2014)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sipri-report-on-global-arms-producers